CSWCJS

# सामाजिक कार्य और आपराधिक न्याय प्रणाली में प्रमाणपत्र

## (सीएसडब्ल्यूसीजेएस)

# सत्रीय कार्य-2025

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

समाज कार्य विद्यापीठ
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली

# सत्रीय कार्य भेजने के लिए अनुसूची

प्रिय विद्यार्थी

हमें उम्मीद है कि आप सीएसडब्ल्यूसीजेएस कार्यक्रम मार्गदर्शिका को ध्यानपूर्वक पढ़ चुके होंगे। हमने इस मार्गदर्शिका में यह समझाया है कि इग्नू को सत्र–समाप्ति की परीक्षा में पात्र बनने के लिए दिये गये सत्रीय कार्य को निश्चित समयाविधि में पूरा करना आवश्यक है। सीएसडब्ल्यूसीजेएस के सभी सत्रीय कार्य अध्यापक चिन्हित सत्रीय कार्य (टीएमए) एवं सतत मूल्यांकन प्रक्रिया का हिस्सा है। आपको अलग–अलग सत्रीय कार्य, MSW–031 और MSW–032 दिये जा रहे हैं। (जनवरी 2025 और जुलाई 2025 के लिए पंजीकृत छात्रों के लिए)।

**सत्रीय कार्य लिखने से पहले, आप कार्यक्रम मार्गदर्शिका में दिये गये निर्देश और पाठ्यक्रम सामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।** उत्तर लिखने से पहले सत्रीय कार्य सम्बन्धित निर्देशों को ध्यान से पढें। अगर आपको पाठ्यक्रम और सत्रीय कार्य से सम्बन्धित कोई सन्देह या समस्या है तो आप अपने अध्ययन केन्द्र में सम्बन्धित शैक्षिक सलाहकार से सम्पर्क करें।

आपसे अनुरोध है कि आप पहले पाठ्यक्रम सामग्री को पढें और तब उसके बाद सत्रीय कार्य को निर्देशों के अनुसार तैयार करें। आपके उत्तर, शाब्दिक सामग्री/ब्लॉक जो आपको स्वयं के सीखने के उद्देश्य से दी गयी है से शब्दशः नकल नहीं होना चाहिए। **सत्रीय कार्य हस्तलिखित और स्वहस्ताक्षरित होने चाहिएं।** कृपया अपने सत्रीय कार्य के उत्तर दी गयी तारीख के पहले जो कि आपकी रसीद पर उल्लेखित है, अपने अध्ययन केन्द्र पर जमा करें। आप से उम्मीद की जाती है कि आप सत्रीय कार्य की एक कार्बन कॉपी या फोटो कॉपी भविष्य में किसी भी सन्दर्भ या प्रयोग के लिए रखें।

**सत्रीय कार्य जमा करने से सम्बन्धित नवीनतम जानकारी के लिए इग्नू वेबसाइट www.ignou.ac.inदेखें।**

कार्यक्रम को सफलतापूर्वक करने के लिए आपको ढेर सारी शुभकामनाएँ।

**(डॉ बिनोद कुमार)**
**कार्यक्रम समन्वयक**
**ई मेल binodkumar@ignou.ac.in**
**cswcjsinfo@ignou.ac.in**

## सुधारात्मक परिवेशों में समाज कार्य अंतःक्षेप (एम.एस.डब्ल्यू. –031)

**पाठ्यक्रम कोड : एम.एस.डब्ल्यू.–031**

**अधिकतम अंक : 100**

नोट : (i) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही **पांच** प्रश्नों के उत्तर (प्रत्येक लगभग **500** शब्दों में) दीजिए।

(ii) सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. नैतिक निर्णय लेने से आप क्या समझते हैं? भारत में सुधारात्मक प्रणाली के साथ काम करने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं के लिए नैतिक निर्णय लेने की प्रासंगिकता पर चर्चा करें। 20

2. सुधारात्मक सेटिंग में पेशेवर सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका की व्याख्या करें। सुधारात्मक समाज कार्य अभ्यास में सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा उपयोग किए जाने वाले कौशल और तकनीकों पर चर्चा करें। 20

3. समाज कल्याण प्रशासन के अर्थ और ऐतिहासिक विकास को रेखांकित करें। साथ ही, भारत की सुधारात्मक प्रणाली में समाज कल्याण प्रशासन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालें। 20

4. भारतीय संदर्भ में उपयुक्त उदाहरणों के साथ सुधारात्मक सामाजिक कार्य अभ्यास में वैयक्तिक कार्य के महत्व पर चर्चा करें। 20

5. जीवन कौशल शिक्षा से आप क्या समझते हैं? उपयुक्त उदाहरणों के साथ जीवन कौशल शिक्षा सीखने की तकनीकों की व्याख्या करें। 20

6. भारत में संस्थागत सेटिंग्स में बाल कल्याण को सुविधाजनक बनाने वाले समूह कार्य के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं पर चर्चा करें। 20

7. भारत में अस्पताल की सेटिंग में समूह कार्य का दायरा क्या है? अस्पताल सेटिंग से जुड़े समूह और अभ्यास सिद्धांतों के प्रकारों पर चर्चा करें। 20

8. समूह कार्य के संदर्भ में, सिद्धांत व्यक्तियों और दूसरों के साथ उनके संबंधों को समझने के लिए वैज्ञानिक रूप से स्वीकृत तथ्य या कथन हैं। इस कथन के प्रकाश में, सामाजिक समूह कार्य के प्रमुख सिद्धांतों की व्याख्या करें। 20